प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. भारत निर्वाचन आयोग आज जम्मू–कश्मीर और हरियाणा में होनेवाले विधानसभा चुनावों के तारीखों की करेगा घोषणा।

2. कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के विरोध में जूनियर डॉक्टर्स का देशव्यापी आंदोलन जारी, रांची के रिम्स के जूनियर डॉक्टर्स भी हड़ताल पर।

3. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर देश कर रहा है नमन, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि।

4. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राजधानी रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश की जताई संभावना।

****

निर्वाचन आयोग आज दोपहर राज्य विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। उम्मीद है कि आयोग जम्मू–कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। हरियाणा और जम्मू–कश्मीर के साथ–साथ महाराष्ट्र और झारखंड में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। निर्वाचन आयोग की टीम ने हाल ही में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी की समीक्षा के लिए जम्मू–कश्मीर और हरियाणा का दौरा किया था।

****

कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर का रेप और हत्या के विरोध में जूनियर डॉक्टर्स का देशव्यापी आंदोलन जारी है। रांची के रिम्स के जूनियर डॉक्टर्स भी हड़ताल पर हैं। जेडीए ने बयान जारी कर कहा कि जूनियर डॉक्टरों पर हुए हमलों के मद्देनजर रांची के रिम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स ने सर्वसम्मति से चल रहे पेन डाउन मूवमेंट को जारी रखने का फैसला किया है। जेडीए ने सभी वैकल्पिक सेवाओं, ओ.पी.डी. और वैकल्पिक ओ.टी. को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का फैसला किया है।

****

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज सुबह नौ बजकर 17 मिनट पर अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान –एसएसएलवी–डी3 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह यान 175 किलोग्राम वजन के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह– ईओएस–जीरो–आठ और एक अन्य छोटे उपग्रह एस आर–जीरो के साथ रवाना हुआ। अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने पृथ्वी की निचली कक्षा में 500 किलोग्राम तक के उपग्रह ले जाने के लिए इस प्रक्षेपण यान का विकास किया है। यह यान 34 मीटर लंबा और लगभग 119 टन वजन का है।

****

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एनपीएसएस के माध्यम से किसान विभिन्न प्रकार के कीटनाशकों से अपनी फसलों का बचाव कर सकेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक से छह पदक लेकर लौटे भारतीय ओलंपिक दल से बातचीत की और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल एक ऐसा क्षेत्र है जहां कोई हारता नहीं है, हर कोई सीखता है और वो सभी चैंपियन खिलाड़ी हैं। पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। इससे पहले पीएम मोदी ने इन सभी को लाल किले पर हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित किया था और इसके बाद पीएम हाउस में उन्हें होस्ट किया।

****

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। –

****

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर देशभर में श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत केन्द्रीय मंत्री और कई गणमान्य लोगों ने नई दिल्ली स्थित अटल समाधि स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं झारखंड विधानसभा परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

****

गढ़वा जिले में शत –प्रतिशत कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिये विशेष कार्य योजना बनाई गयी है। –

****

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र के निदेशक ने बताया कि 17 और 18 अगस्त को रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, देवघर, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है।

*******समाप्त**************